आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 08.06.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश को विकसित बनाने में स्त्री–शक्ति की परिवर्तनकारी भूमिका होगी। इसे देखते हुए सरकार पिछले ग्यारह वर्षों से महिलाओं के नेतृत्व पर अधिक ध्यान दे रही है। **राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए** सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने विकास में महिलाओं की सशक्त भूमिका के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। इनमें स्वच्छ भारत अभियान, जन–धन खातों के ज़रिए वित्तीय समावेशन और ज़मीनी स्तर पर महिलाओं का सशक्तिकरण करना शामिल हैं। श्री मोदी ने कहा कि उज्ज्वला योजना से घरों को धुआं–मुक्त बनाने में मदद मिली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुद्रा ऋण से लाखों महिलाओं के लिए उद्यमी बनने का सपना पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि **प्रधानमंत्री आवास योजना** के तहत महिलाओं के नाम पर मकान लेने के प्रावधान से उनमें सुरक्षा की भावना बढ़ी है। श्री मोदी ने **बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान** को बालिका संरक्षण का राष्ट्रीय अभियान बताया।

00000

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने सुरक्षित और स्वास्थ्य वर्धक खानपान के माध्यम से मोटापा रोकने के जागरूकता अभियान की शुरूआत की है। ये अभियान भारतीय खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण की ओर से शुरू किया गया है। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस समारोह के अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि स्वस्थ समाज से ही सशक्त राष्ट्र बन सकता है। उन्होंने लोगों से संतुलित आहार का सेवन करने का आह्वान किया। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के अध्ययन में पता चला है कि शहरी क्षेत्रों में मोटापे की समस्या 39 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में 23 प्रतिशत बढ़ गई है। ऐसे में हमे अपने खान–पान की आदतों में बदलाव करना होगा।

00000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड आज जयपुर पंहुचे। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने हवाई अड्डे पर उपराष्ट्रपति श्री धनखड की अगवानी की।

वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज सुबह जयपुर में गोविन्द देव जी मंदिर में मंगला आरती के दर्शन किए। उन्होंने निर्जला एकादशी के बाद विधिवत् पूजा–अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

00000

राजस्थान आवासन मण्डल की ओर से शुरू की गई नई आवासीय योजनाओं के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 11 जून है। इन योजनाओं के तहत विभिन्न आय वर्ग के लिए जयपुर ,धौलपुर, बारां और बूंदी में फ्लैट्स और स्वतंत्र आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जयपुर के प्रताप नगर और मानसरोवर में पार्किंग सुविधा के साथ फ्लेट्स उपलब्ध करवाये जा रहे है। वहीं बारां की गजनपुरा आवासीय योजना ,बूंदी की लाखेरी आवासीय योजना और धौलपुर की बाड़ी रोड पर स्वतंत्र आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं ।इन योजनाओं में आमजन के सपनों का आशियाना प्रचलित बाजार दरों की तुलना में बेहद किफायती दरों पर उपलब्ध हैं। इसमें आवेदन प्रक्रिया भी सरल और पारदर्शी रखी गई है।

0000

धौलपुर के बीहड़ों से इनामी बदमाश श्यामपाल ठाकुर को गिरफ्तार किया गया है। राजस्थान पुलिस की एन्टी गैंगस्टर टास्क फोर्स को यह कामयाबी मिली है। ये बदमाश जिले के राजाखेड़ा क्षेत्र में बीते महीने एजीटीएफ और धौलपुर डीएसटी पर फायरिंग के मामले में फरार चल रहा था। सोनू चंबल गिरोह का सक्रिय सदस्य और हिस्ट्रीशीटर ये बदमाश चंबल के बीहड़ों में अवैध हथियार पंहुचाने, फरार अपराधियों को शरण देने और फायरिंग रेंज संचालित करने के काम कर रहा था।

0000

भारतीय डाक विभाग राज्य के पश्चिमी क्षेत्र में 20 जून को क्षेत्रीय डाक अदालत का आयोजन करेगा। ये अदालतें जोधपुर, सिरोही, पाली, जैसलमेर, नागौर, बाड़मेर, जालोर, चूरू, बीकानेर, श्रीगंगानगर और

हनुमानगढ़ जिलों में डाक सेवाओं के उपभोक्ताओं के लिए लगाई जायेंगी। सहायक निदेशक डाक सेवाएं ने बताया कि उपभोक्ता डाक सेवाओं से संबंधित शिकायतों के लिए 13 जून तक आवेदन कर सकते है।

000

राज्य में एक बार फिर भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। अधिकतर जिलों में कल दिन का तापमान 40 डिग्री सैल्सियस से ऊपर रहा। वहीं जैसलमेर और बीकानेर में पारा 45 डिग्री सैल्सियस को पार कर गया। मौसम विभाग ने आज बीकानेर, श्रीगंगानगर, चूरू और जोधपुर जिलों के लिए हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। वहीं कई जिलों में धूलभरी गर्म हवाएं चलने की आशंका है। विभाग के अनुसार तापमान में 2 से 3 डिग्री सैल्सियस की बढोतरी हो सकती है। 10 जून तक कुछ शहरों में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस या उसके पार पंहुचने की आशंका जताई गयी है। राज्य के कई हिस्सों में रात का तापमान भी सामान्य से 3 से 5 डिग्री अधिक बना हुआ है।

00000

केन्द्र सरकार की ओर से चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से किसानों को काफी फायदा हुआ है। हनुमानगढ़ जिले के किसान सुदेश कुमार ने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना से जुडकर किसान खुश है वहीं बूंद बूंद सिंचाई के लिए खेतों में डिग्गियों का भी निर्माण किया जा रहा है।

----

00000